कौशल्या के राम आ गाये | By Chhaya Singhal

आ ही गए.... आ ही गए
आ ही गए.... आ ही गए
दशरथ राज दुलारे अवधपुर आ ही गए
कौशल्या के प्यारे अवधपुर आ ही गए

अवधपुरी सज गई दुल्हन सी
व्याकुलता हुई ख़तम ये मन की
भगतन के रखवारे अवधपुर आ ही गए

राह तकत हैं पलक बिछाए
सिया संग रघुवर हैं आये
जागे भाग्य हमारे अवधपुर आ ही गए

भाग्य जगे जो अब तक सोये
अंसुवन से चरणन को धोये
हैं प्राणो से प्यारे अवधपुर आ ही गए

देवी देवता नाचे गाये
अवध निवासी मंगल गायें
झूमे हनुमत प्यारे अवधपुर आ ही गाये

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%8c%e0%a4%b6%e0%a4%b2%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%86-%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a5%87-by-chhaya-singhal/